**विधान परिषद तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित श्री हंसराज विश्वकर्मा, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-10 का उत्तर।**

--------------

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| **10(क)** क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि विद्‌युत हाइटेन्शन लाइन से कितनी दूरी/कितनी नजदीक पर नगर विकास द्वारा निर्माण कार्य अनुमन्य है ? | लखनऊ विकास प्राधिकरण में प्रभावी भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के अध्याय-3.11 ''भवन निर्माण हेतु अन्य अनिवार्यताएं व अपेक्षाएं'' के प्रस्तर-3.11.4 '' इलेक्ट्रिक लाईन से दूरी'' के अन्तर्गत निम्नवत् प्राविधान है :-<br>इण्डियन इलेक्ट्रिसिटी रूल्स के अनुसार भवन के निर्माण/पुर्ननिर्माण की अनुज्ञा हेतु न्यूनतम् दूरी :-<br>**(1)** लो एण्ड मीडिएम वोल्टेज लाइन तथा सर्विस लाइन पर उर्ध्वाधर 2.5 मीटर तथा क्षैतिज 1.2 मीटर होने पर दी जाएगी।<br>**(2)** हाई वोल्टेज लाइन्स यथा 33000 वोल्टेज होन पर उर्ध्वाधर 3.7 मीटर तथा क्षैतिज 2.0 मीटर होने पर दी जाएगी।<br>**(3)** 33000 वोल्टेज पर ऊपर अतिरिक्त हाई वोल्टेज लाईन से उर्ध्वाधर 3.7 मीटर के प्रत्येक अतिरिक्त 33000 वोल्टेज या उसके भा के लिए 0.**3** मीटर तथा क्षैतिज से 2.0 मीटर के प्रत्येक अतिरिक्त 33000 वोल्टेज या उसके भाग के लिए 0.3 मीटर अनुमन्य होगी। |
| **(ख)** लखनऊ-सुल्तानपुर राजमार्ग पर वरदान हास्पिटल से सब्जी मण्डी तक कौन-कौन से निर्माण स्थल उपरोक्त मानक को प्रभावित करते है ? | लखनऊ-सुल्तानपुर राजमार्ग पर वरदान हॉस्पिटल से सब्जी मण्डी तक हाईटेशन लाईन से प्रभावित होने वाले 68 निर्माण विद्यमान हैं। |
| **(ग)** उपरोक्त के संबंध में कब तक और क्या कार्यवाही की जायेगी ? | उपर्युक्त संदर्भित स्थल पर किये गये निर्माण कार्य के संबंध में उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा कार्यवाही प्रस्तावित है। |
| **(घ)** यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्य मंत्री